# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 30 जून 2026
आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा
विक्रम संवत 2083

PAGE NO : 08 BOTTOM


## एसआरएमएस का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस



बरेली (ब्यूरो)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित ऑंकोलॉजी विभाग अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है। इसे आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के रूप में जाना जाता है। यह कैंसर के मरीजों की प्रारंभिक जांच और उपचार के लिए 30 सितंबर 2008 को स्थापित हुआ था। कैंसर के उपचार के लिए सर्जिकल, रेडिएशन, मेडिकल ऑंकोलॉजी जैसी सभी सुविधाएं यहां एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। कैंसर रोगियों की निगरानी के लिए यहां एक ट्यूमर समिति संचालित है। ब्रेकीथेरेपी के लिए दो हाई एनर्जी लीनियर एक्सीलेटर और 30 चैनल की एचडीआर मशीनें उपलब्ध हैं। लीनियर एक्सीलेटर ट्रूबीम जैसी अत्याधुनिक मशीनें भी यहां मौजूद हैं। कैंसर की जांच और इलाज को सुविधाजनक बनाने के लिए नए मरीजों के लिए अलग बाह्य रोगी विभाग है। इसके साथ ही एक डे केयर कीमोथेरेपी केंद्र भी संचालित है। एसआरएमएस आईएमएस लखनऊ और दिल्ली के बीच स्थित पूर्वी उत्तर प्रदेश का अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त मल्टी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल है। एसआरएमएस आईएमएस में रेडियोथेरेपी, कार्डियक साइंसेज, रीनल साइंसेज, न्यूरो साइंसेज और प्लास्टिक सर्जरी जैसे विशिष्ट विभाग संचालित हैं। यहां प्रतिदिन 1200 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें से 85 फीसदी इन्हीं विभागों से होते हैं। हर माह 1200 से ज्यादा हृदय रोगी, 400 से अधिक डायलिसिस, 50 से ज्यादा रेडियोथेरेपी और 600 से अधिक मेजर सर्जरी सफलतापूर्वक की जाती हैं।